# कानपुर, गोरखपुर व कन्नौज के डेयरी प्लांट जल्द शुरू होंगे

## दुग्ध विकास मंत्री ने हफ्ते भर में प्रक्रिया पूरी करने के दिए निर्देश

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। कानपुर, गोरखपुर व कन्नौज के नवनिर्मित डेयरी प्लांट जल्द शुरू होंगे। प्रादेशिक कॉपरेटिव डेयरी फेडरेशन (पीसीडीएफ) के इन डेयरी प्लांट को चलाने के लिए एनडीडीबी डेयरी सर्विस से वार्ता कर आवश्यक प्रक्रिया एक सप्ताह में पूरी की जाएगी।



प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए 1000 नई समितियों का गठन व पुनर्गठन भी किया जाएगा। यह निर्देश दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को विधान भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

दुग्ध विकास मंत्री ने बंद पड़ी समितियों को भी शुरू कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि मंत्री ने कहा कि वर्तमान में चल रही समितियां किसी भी कारण से बंद न होने पाएं। उन्होंने कहा कि पराग के उत्पादों की मार्केटिंग कर विशेष ध्यान दें। पशुपालकों व किसानों को जागरूक कर प्रशिक्षित किया जाए। दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि के लिए नई तकनीक व प्रयोगों की जानकारी दें। बचा हुआ बजट जारी करें।

**दुग्ध संघों का बकाया भुगतान कराएं :** दुग्ध विकास मंत्री ने कहा कि किसानों व पशुपालकों को उनके दुग्ध मूल्य का भुगतान निर्धारित समय में किया जाए। इसमें किसी भी दशा में देरी न हो। बचे हुए दुग्ध संघों को वर्तमान और बकाया भुगतान जल्द करें। बैठक में दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव के रवीन्द्र नायक, विशेष सचिव राम सहाय यादव, पीसीडीएफ के प्रबंध निदेशक आनंद कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।